## कार्यालय महानिदेशक, राज्य पोषण मिशन, उ0प्र0 लखनऊ।

पत्रांक : — /रा0पो0मि0/डाटा प्लान/2022-23 दिनांक : 03 जनवरी, 2023

समस्त जिला कार्यक्रम अधिकारी/प्रभारी,
उत्तर प्रदेश।

**विषयः आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को डाटा प्लान की धनराशि निर्गत करने के सम्बन्ध में।**

अवगत कराना है कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्गत सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 के सम्बन्ध में निर्गत दिशा-निर्देशों के अनुसार पोषण अभियान अन्तर्गत Component of Poshan Abhiyan में क्रमांक-8 पर Data package charges हेतु निम्नानुसार प्राविधान किया गया है:-

| S.No | Key Components Details Budget | Key Components Details Budget | Key Components Details Budget |
|---|---|---|---|
| 8 | Data package charges | To capture the real time data in POSHAN Tracker application, all AWWs are provided with smart phones. Internet connectivity charges for AWWs are provided @₹2000/- per annum per AWW. | @ ₹2000/- per AWC per annum payable to AWW |

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा आई0सी0टी0-आर0टी0एम0 के प्रभावी क्रियान्वयन तथा रियल टाईल पोषण ट्रैकर पर शत्-प्रतिशत् डाटा फीडिंग की पूर्ति हेतु प्रत्येक आंगनबाड़ी कार्यकत्री को इंटरनेट कनेक्टीविटी (डाटा प्लान) हेतु रु0 2000/- प्रतिवर्ष निर्धारित किया गया है।

पोषण अभियान अन्तर्गत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को डाटा प्लान उपलब्ध कराये जाने हेतु निदेशक (वित्त), राज्य पोषण मिशन की अध्यक्षता में गठित समिति की संस्तुति की आधार पर माह अप्रैल से जुलाई, 2022 तक की धनराशि पूर्व निर्धारित रु0 200/- प्रति माह की दर से प्रत्येक आंगनबाड़ी कार्यकत्री, जिसने पोषण ट्रैकर का कार्य सम्पादित किया है, के अनुसार जनपद को आवंटित की जा रही है।

उक्त के अतिरिक्त माह अगस्त, 2022 से जुलाई, 2023 तक डाटा प्लान की एकमुश्त रु0 2000/- की धनराशि भी प्रेषित की जा रही है, जो कि निम्नानुसार आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को निर्गत की जायेगी :-

- आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा डाटा प्लान हेतु बिल की सत्यापित प्रति बाल विकास परियोजना अधिकारी को प्रस्तुत की जायेगी।
- जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा पोषण ट्रैकर पर नियमित डाटा फीडिंग कराये जाने तथा डाटा प्लान के उपभोग हेतु भारत सरकार के दिशा-निर्देशानुसार आंगनबाड़ी कार्यकत्री को बाल विकास परियोजना अधिकारी की संस्तुति की आधार पर धनराशि निर्गत की जायेगी।
- बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा धनराशि के संकलित विवरण जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय को पोषण ट्रैकर ऐप पर फीडिंग की स्थिति की नियमित समीक्षा उपरान्त प्रेषित की जायेगी।
- जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा डाटा प्लान की धनराशि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के मानदेय में प्रेषित किये जाने वाले बैंक खातों में निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से निर्गत की जायेगी।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि प्रत्येक त्रैमास का डाटा प्लान का उपभोग प्रमाण-पत्र मुख्यालय पर प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें।

**संलग्नक : यथोक्त।**

(कपिल सिंह)
निदेशक।

**पृष्ठांकन संख्याः C-1391 /तद्दिनांक।**
**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ।**

1. सचिव, बाल विकास एवं पुष्टाहार, उ0प्र0 शासन।
2. निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0।
3. समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0/अध्यक्ष, जिला पोषण समिति, उ0प्र0।
4. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0/मुख्य कार्यकारी अधिकारी, पोषण मिशन, उ0प्र0।

03/01/2023

(कपिल सिंह)
निदेशक।